51297

QUESTION BOOKLET / प्रश्न पत्र पुस्तिका

Post: Stenographer

Main Examination - 2015

Roll Number / अनुक्रमांक:

Question Booklet No:

QP Code: 45A

कृपया निम्न लिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें:

1. अपना अनुक्रमांक, प्रश्न पत्र पुस्तिका का क्रमांक एवं प्रश्न पुस्तिका सीरीज़ को ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर सावधानी पूर्वक लिखें तथा उचित स्थान पर अपना हस्ताक्षर करें। अपने अनुक्रमांक को प्रश्न पुस्तिका पर लिखें। ओ.एम.आर उत्तर पत्र पर सही अनुक्रमांक, प्रश्न पत्र पुस्तिका का क्रमांक, प्रश्न पुस्तिका सीरीज़ और अभ्यर्थी का हस्ताक्षर नही रहने पर आपकी ओ.एम.आर उत्तर शीट अमान्य समझी जायेगी और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

2. केन्द्राधीक्षक/ केन्द्र पर्यवेक्षक/ कक्ष वीक्षक द्वारा दिए निर्देश तथा प्रश्न पुस्तिका पर लिखे निर्देश का कड़ाई से पालन करें।

3. नोट्स, पुस्तक, कैलकुलेटर, सेल फोन, स्कैनिंग उपकरणों, पेजर इत्यादि को परीक्षा भवन में लाने की अनुमति नहीं है। कोई अभ्यर्थी इन निषिद्ध वस्तुओं का इस्तेमाल करते पाए जाएंगे या जिनके पास से ये चीजें बरामद होंगी, अथवा जो नकल करने या प्रतिरूपण या अन्य अनुचित व्यवहारों में लिप्त पाए जाएंगे, वे अयोग्य करार दिए जाएंगे तथा उन पर दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

4. यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की है। इस प्रश्न पुसितका में कुल 200 प्रश्न हैं तथा उनके लिए कुल 180 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा प्रत्येक प्रश्नों का पूर्णांक 1 है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक मिलेंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.333 अंक की कटौती की जाएगी।

5. अभ्यर्थी इसकी जाँच कर ले कि प्रश्न पुस्तिका में 200 प्रश्न हैं, जिसके बहुविकल्पी उत्तर हैं। इसमें यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई पड़े तो आप तुरंत निरीक्षक को सूचित करें ताकि प्रश्न पुस्तिका बदला जा सके।

6. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार उत्तर हैं जिसमे एक सही है। आपको सही उत्तर को चुनकर ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर निशान लगाना है, प्रश्न पुस्तिका पर नहीं।

7. उपयुक्त गोले को पूरी तरह काला कर दें जिससे उस गोले के अंदर का अक्षर दिखाई न दे। प्रत्येक उत्तर के लिए केवल एक गोले को काला करें। ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर गोलों को काला करने का सही गलत तरीका नीचे के उदाहरण में दिया गया है।

सही तरीका



गलत तरीका



8. ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर बक्से भरने और गोलों को काला करने के लिए काली स्याही के बाल पोइंट कलम का प्रयोग करें। पेंसिल का उपयोग नहीं करें।

9. सीमित समय अवधि को ध्यान में रखते हुए, किसी ऐसे प्रश्न पर अपना समय बर्बाद मत करें जो आपको कठिन लगता है। प्रश्नों को एक - एक करके हल करते जाएँ और कठिन प्रश्नों पर अंत में वापस आएँ। यह एक सुझाव मात्र है।

10. ओ.एम.आर उत्तर पत्रक को मोड़ना/ मरोड़ना या उस पर अवांछित निशान लगाना या क्षति करना मना है। ऐसा करने पर उत्तर पत्रक निरस्त होने की जिम्मेवारी अभ्यर्थी की होगी।

11. प्रश्न पुस्तिका के अंत में रफ या कच्चा कार्य के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है।

12. परीक्षा के बाद ओ.एम.आर उत्तर पत्र निरीक्षक को सौंप दें। अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने के उपरांत प्रश्न पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।

13. प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी में हैं। दोनों संस्करणों में किसी प्रश्न में भिन्नता पाये जाने पर उस प्रश्न को रद्द कर दिया जायेगा।

(अंग्रेजी में निर्देश के लिए कृपया अंतिम पृष्ठ देखें/ Please see the last Page for instructions in English)

1. 'बुढ़िया से उठा नहीं जाता।' किस वाच्य भेद का उदाहरण है?

(A) भाववाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) कर्तृवाच्य

(D) उपर्युक्त नहीं

2. निम्नलिखीत शब्दों में एकवचन शब्द पहचानिए।

(A) बातें

(B) लताएँ

(C) लिपि

(D) भैंसे

3. 'मित्र' शब्द का पर्याय क्या है?

(A) संबंधी

(B) सखा

(C) पडोस

(D) सहयोगी

4. "लकीर का फ़क़ीर होना" इस मुहावरे का अर्थ क्या होता है?

(A) लकीर खीचना

(B) नयी बातों पर सोचना

(C) आँखे बंद करके पुराने ढंग पर चलते रहना

(D) पुरानी सोच को बदलना

5. 'चंपत होना' इस मुहावरे का अर्थ बताईए।

(A) भाग जाना

(B) चोरी करना

(C) धोखा देना

(D) लाभ होना

6. 'पुष्पराज' शब्द का लिंग कौनसा है?

(A) उभय

(B) धातु

(C) स्त्रीलिंग

(D) पुल्लिंग

7. 'गधा' का बहुवचन रूप क्या है?

(A) गधा

(B) गधी

(C) गधे

(D) गधाक

8. 'सरला पढ़ती है।' किस वाच्य भेद का उदाहरण है?

(A) कर्तृवाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) उपर्युक्त नहीं

9. 'क्रोध मनुष्य का दुश्मन है।' क्रोध शब्द संज्ञा का कौनसा प्रकार है?

(A) भाववाचक

(B) जातिवाचक

(C) समूहवाचक

(D) द्रव्यवाचक

10. शुद्धाद्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य इनमे से कौन थे?

(A) चैतन्य महाप्रभु

(B) रामानुजाचार्य

(C) मध्वाचार्य

(D) बल्लभाचार्य

11. 'अपना' सर्वनाम शब्द के भाववाचक रूप क्या है?

(A) आप

(B) अपुन

(C) अपनापन

(D) तुम

12. 'पाठ' शब्द के साथ कौनसा प्रत्यय लगने से 'पाठक' बन गया है?

(A) अक

(B) क

(C) ठअक

(D) आठक

13. संज्ञा के जिस रूप से यह पता चले की वह पुरुष जातिवाचक है या स्त्री जातिवाचक हैं उसे क्या कहते है?
(A) वचन
(B) कारक
(C) लिंग
(D) भाव

14. 'राम से पत्र पढा जाता है।' इसमें कर्म कौनसा है?
(A) राम
(B) राम से
(C) पत्र
(D) पढा जाता

15. 'चार घोडे दौड रहे हैं।' यह उदाहरण विशेषण के कौनसा प्रकार को सूचित करता है?
(A) गुणवाचक
(B) संख्यावाचक
(C) परिमाणवाचक
(D) सार्वनामिक

16. 'आँखों में धूल झोंकना' इस मुहावरे का अर्थ क्या है?
(A) आँखों में मिर्च के कीडे गिरना
(B) आँखों में धूल के कण गिरना
(C) धोखा देना
(D) मार-पीठ करना

17. 'किताब' शब्द का बहुवचन रूप क्या है?
(A) किताबों
(B) किताबी
(C) किताब
(D) किताबें

18. सन्धि के इनमें से सही भेद चुनिए।
(A) स्वर सन्धि,व्यंजन सन्धि,विसर्ग सन्धि
(B) स्वर सन्धि ,व्यंजन सन्धि
(C) स्वर सन्धि,व्यंजन सन्धि,विसर्ग सन्धि,दीर्घ सन्धि
(D) गुण सन्धि,अयादि सन्धी,यण सन्धि

19. 'अतिथि' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन्सा है?
(A) आगन्तुक
(B) अनाज
(C) धन
(D) यात्री

20. 'जल' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है?
(A) तोय
(B) तालाब
(C) नदिया
(D) सरोवर

21. इनमें से भाव वाच्य का उदाहरण कौन्सा है?
(A) सीता खाती है
(B) लडके पढते हैं
(C) रमेश से पत्र पढा जाता है
(D) सीता से चला नही जाता

22. उपसर्ग अपने आप में क्या है?
(A) स्वतंत्र है
(B) स्वतंत्र नहीं है
(C) मुक्त है
(D) उपसर्ग प्रत्यय पर निर्भर है

23. तत्पुरुष समास में कौनसा पद प्रधान होता है?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

24. 'सच' यह क्या है?
(A) तत्सम शब्द
(B) अर्धतत्सम शब्द
(C) तद्भव शब्द
(D) विदेशी शब्द

25. 'घर' शब्द का तत्सम रूप क्या होगा?
(A) गृहक
(B) गृहिणी
(C) गृहिका
(D) गृह

26. 'यम' का पर्यायवाची शब्द चुनिए।
(A) राजा
(B) पुलीस
(C) धर्मराज
(D) संहारक

27. 'धोबी कपडा धोता हैं' कपडा शब्द के लिंग पहचानिए।
(A) उभय
(B) पुल्लिंग
(C) स्त्रीलिंग
(D) धातु

28. संधि का अर्थ क्या है?
(A) विस्तार
(B) संक्षिप्तीकरण
(C) जोड़ना
(D) घटाना

29. 'ओढ' शब्द केलिए कौन सा प्रत्यय लगता है?
(A) अ
(B) अभ
(C) नी
(D) स

30. मिश्र वाक्य क्या है?
(A) इसमें एक ही वाक्य है
(B) इसमें केवल एक से ज्यादा वाक्य नहीं जुड सहता है
(C) इसमे वाक्य हो भी सकता नहीं भी सकता है
(D) इसमें एक सरल वाक्य के साथ अधिक अंग वाक्य या उप वाक्य हो

31. जिस शब्द से एक से अधिक वस्तुओं का बोध होता है उसे क्या कहते हैं?
(A) एकवचन
(B) द्विवचन
(C) तृतीयवचन
(D) बहुवचन

32. रमा + ईश किस संधि प्रकार का उदाहरण है?
(A) व्यंजय
(B) स्वर
(C) दीर्घ
(D) संयुक्त

33. खराब,बुरा,निर्दय आदि कौन सा विशेषण है?
(A) गुणवाचक
(B) संख्यावाचक
(C) परिमाणवाचक
(D) सार्वनामिक

34. इनमें से पुल्लिंग शब्द को चुनिए।
(A) हिमालय
(B) रात
(C) घडी
(D) चोटी

35. 'तत्सम' शब्द की परिभाषा क्या है?
(A) संस्कृत से किंचित मात्र परिवर्तित होकर हिन्दी में आए शब्द
(B) संस्कृत के वे शब्द जिनका रूप हिन्दी में आकर बहुत बदल गया है
(C) संस्कृत से पूर्ण रूप में बदलकर हिन्दी में आया है
(D) संस्कृत से ज्यों-के-त्यों हिन्दी में लिए गए शब्द है

36. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द पहचानिए।
(A) चन्द्र
(B) छिद्र
(C) पुष्प
(D) मोर

37. 'मै अपने आप पढ रहा हूँ' यह सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?
(A) पुरूषवाचक
(B) निजवाचक
(C) प्रश्नवाचक
(D) संबंधवाचक

38. अनुप्रास, यमक, श्लेष किस प्रकार के अलंकार है?
(A) शब्दालंकार
(B) अर्थालंकार
(C) उभयालंकार
(D) छंद

39. 'पाठक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है?
(A) पाठ
(B) पाठ्य
(C) पाठिका
(D) पाठकी

40. 'अच्छा' विशेषण शब्द का भाववाचक रूप बताइए।
(A) अच्छा-अच्छा
(B) भला
(C) सही
(D) अच्छाई

41. संज्ञा के भेद कितने है?
(A) चार
(B) पाँच
(C) साथ
(D) आठ

42. 'मोल' का पर्यायवाची पद क्या है?
(A) वजन
(B) मनीषी
(C) दाम
(D) काम

43. निम्नलिखित शब्दों में विशेषण शब्द कौनसा है?
(A) सहायक
(B) राजनीति
(C) पराजय
(D) उपनिवेश

44. जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाए वे शब्द क्या कहलाते हैं?
(A) वचन
(B) क्रिया
(C) विशेषण
(D) सर्वनाम

45. वाक्य के मुख्य अंग कौनसे हैं?
(A) उद्देश एवं विषय
(B) विधेय एवं विषय
(C) उद्देश एवं विधेय
(D) वाक्य एवं शब्द

46. 'दुनिया' शब्द के साथ कौन सा प्रत्यय जुडा है?
(A) या
(B) दुनिया
(C) इया
(D) ईया

47. यशोधरा काव्य किस कवि द्वारा लिखित है?
(A) नरेंद्र शर्मा
(B) नेमिचन्द्र जैन
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) मैथिलीशरण गुप्त

48. संस्कृत के शब्द जो बिना किसी विकार से हिंदी में प्रचलित हैं, उन्हें क्या कहते है?
(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशी

49. समास का अर्थ क्या हैं?

(A) संक्षिप्तीकरण

(B) बढ़ाना

(C) घटना

(D) गुनन

50. 'देव' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है?

(A) देवता

(B) देवी

(C) दानव

(D) देवता गण

51. वाच्य के मुख्य भेद कितने है?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) सात

52. क्रिया के जिस रूप से भाव की प्रधानता का बोध हो उसे कौनसे वाच्य से पहचाना जाता है?

(A) कर्म

(B) कर्तु

(C) भाव

(D) उपर्युक्त सभी

53. समास के कितने पद होते है?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पांच

54. 'बिजली चमकती हैं' किस प्रकार का वाक्य हैं?

(A) सुन्दर

(B) संयुक्त

(C) मिश्रित

(D) सरल

55. 'बात का धनी' इस मुहावरे का अर्थ क्या है?

(A) अमीर

(B) गरीब

(C) चालाका

(D) वचन का पक्का

56. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता संग्रह के कवि कौन हैं?

(A) भारतभूषण अग्रवाल

(B) गजानन माधव मुक्तिबोध

(C) प्रभाकर माचवे

(D) सच्चिदानंद वात्सायन

57. संख्यावाचक विशेषण के कितने प्रकार हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

58. 'अंधकार' तत्सम शब्द का तदभव रूप क्या है?

(A) काला

(B) रात

(C) अँधेरा

(D) अंधा

59. वाक्य के भेद दो दृष्टीयों (आधारों पर) से किए जाते हैं वो कौनसे हैं?

(A) अभ्यास,अध्ययन

(B) रचना,अर्थ

(C) सामान्य वाक्य,उपवाक्य

(D) मिश्र,संयुक्त

60. 'लिखना' क्रिया शब्द का भाववाचक रूप कौन्सा है?

(A) लिख

(B) लेखक

(C) लेखनी

(D) लिखावट

61. संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करनेवाले शब्द क्या कहलाते है?
(A) सर्वनाम
(B) क्रियाविशेषण
(C) विशेषण
(D) क्रिया

62. "चारु चन्द्र के चंचल किरणे खेल रही थी जल थल में।" इस पंक्ति में कोनसा अलंकार प्रकट होता है?
(A) उपमा
(B) श्लेष
(C) यमक
(D) अनुप्रास

63. स्वर सन्धि के कितने भेद हैं?
(A) दो(दीर्घ,गुण)
(B) तीन(दीर्घ,गुण,वृद्धि)
(C) चार(दीर्घ,गुण,वृद्धि,यण)
(D) पाँच (दीर्घ,गुण,वृद्धि,यण,अयादि)

64. "अनुपम" इस शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?
(A) अनोखा
(B) आईना
(C) बिजली
(D) अम्बर

65. दयालु किस विशेषण प्रकार का उदहारण है?
(A) सार्वनामिक
(B) संख्यावाचक
(C) परिमाणवाचक
(D) गुणवाचक

66. 'अत्यंत' शब्द का सही सन्धि विच्छेद क्या है?
(A) अति +अंत
(B) अत्य+अंत
(C) अ+तिअंत
(D) अतिअं+त

67. साहित्य में अलंकार किसकी शोभा बढाती है?
(A) महिला
(B) लडकी
(C) काव्य
(D) नाटक

68. जिन संज्ञा शब्दों से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण-धर्म, दोष, शील, स्वभाव, अवस्था, भाव इ. का बोध होता हैं वह संज्ञा का भेद कौनसा हैं?
(A) भावनावाचक
(B) जातिवाचक
(C) भाववाचक
(D) द्रव्यवाचक

69. 'रति सम रमणीय मूर्ति राधा की' पंक्ति में किस प्रकार का अलंकार हैं?
(A) उत्प्रेक्षा
(B) उपमा
(C) यमक
(D) श्लेष

70. इनमें से कौन्सी कहानी हिन्दी की पहली कहानी मानी जाती है?
(A) इन्दुमती
(B) ग्यारह वर्ष का समय
(C) दुलाई वाली
(D) चंद्रकांता

71. 'मधुर मधुर मुस्कान मनोहर, मनुज वेश का उजियाला' पंक्ति में कौनसा अलंकार है?
(A) उपमा
(B) अनुप्रास
(C) श्लेष
(D) यमक

72. इनमें से अव्ययीभाव समास के उदाहरण बताइये।
(A) माता-पिता
(B) प्रतिदिन
(C) चौमास
(D) प्रियपात्र

73. काव्य में वर्ण की आवृत्ति हो उसे कौनसा अलंकार कहते हैं?
(A) अनुप्रास अलंकार
(B) यमकालंकार
(C) श्लेषालंकार
(D) रूपकालंकार

74. निश्चित तथा अनिश्चित किस विशेषण के भेद का उपभेद हैं?
(A) गुणवाचक
(B) संख्यावाचक
(C) परिमाण
(D) सार्वनामिक

75. गुण,दोष,आकार,रंग,स्वाद,काल,अवस्था,स्थान,दिशा इत्यादि का बोध विशेषण के किस प्रकार मे पाये जाते हैं?
(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) परिमाण्वाचक विशेषण

प्रश्न 76-89 के लिए निर्देश:
गद्यांश पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तरों के सही पर्याय चुनिए।

सच्चे वीर पुरूष धीर,गम्भीर और आजाद होते हैं।उनके मन की गंभीरता और शांति समुद्र की तरह विशाल और गहरी या आकाश की तरह स्थिर और अचल होती है। वे कभी चंचल नहीं होते। रामायण में वाल्मीकि जी ने कुम्भकर्ण की गाढी नींद में वीरता का एक चिन्ह दिखलाया है । सच है,सच्चे वीरों की नींद आसानी से नहीं खुलती । ये सत्वगुण के क्षीर समुद्र में ऐसे डूबे रहते हैं कि इनको दुनिया की खबर ही नहीं होती । वे संसार के सच्चे परोपकारी होते हैं। ऐसे लोग दुनिया के तख्ते को अपनी आँख की पलकों से हलचल में डाल देते हैं । जब ये शेर जागकर गर्जते हैं,तब सदियों तक इनकी आवाज़ की गूँज सुनाई देती रहती है और सब आवाज़ें बन्द हो जाती है।

76. सच्चे वीरों को किसकी खबर नहीं होती?
(A) अपने
(B) पराये
(C) दुनिया
(D) समाज

77. रामायण की रचयिता कौन है?
(A) गणपति
(B) वाल्मीकी
(C) सत्य हरिश्चंद्र
(D) रावण

78. जब सच्चे वीर जागकर शेर की तरह गर्जते हैं तो क्या होता है?
(A) लोग डरकर भाग जाते हैं
(B) अपनी वीरता खो देते हैं
(C) सदियों तक अपनी आवाज़ की गूँज सुनाई देती हैं
(D) युद्ध के मैदान में डट जाते हैं

79. सच्चे वीर की तुलना किससे की जाती हैं?
(A) हाथी
(B) बाघ
(C) सशेर
(D) शेर

80. वाल्मीकी ने किसकी वीरता का उल्लेख किया है?
(A) राम
(B) रावण
(C) हनुमान
(D) कुम्भकर्ण

81. वीर पुरूष की मन की स्थिरता किसके समान होता है?
(A) सागर
(B) पहाड
(C) भूमि
(D) आकाश

82. कुम्भकर्ण किसके लिए जाना जाता है?
(A) गाढी निद्रा
(B) खाने
(C) देखने
(D) मारने

83. सच्चे वीर पुरूष की मन की गंभीरता का गहराई की तुलना किससे की जाती है?
(A) तालाब
(B) सरोवर
(C) समुद्र
(D) नदी

84. इनमें से भारतीय महाकाव्य कौन्सा है?
(A) रामायण
(B) कुरुक्षेत्र
(C) अयोध्या
(D) भगवदगीता

85. सच्चे वीर पुरूष क्या नहीं होते?
(A) निद्राहीन
(B) तंदुरस्थ
(C) होशियार
(D) चंचल

86. सच्चे वीरों की नींद कैसे नहीं खुलती है?
(A) जल्दी
(B) रात में
(C) आसानी से
(D) सुबह

87. सच्चे वीर संसार के लिए कैसे उपयोगी होते है?
(A) परोपकारी
(B) परपीडा
(C) विनाशक
(D) स्वार्थी

88. सच्चे वीर पुरूष स्वभाव से कैसे होते हैं?
(A) मजबूत और दिलदार
(B) चंचल और मंद
(C) गरीब और अमीर
(D) गंभीर और आज़ाद

89. सच्चे वीरों की संख्य आम तौर पर कितनी होती है?
(A) ज्यादा
(B) अत्यल्प
(C) बहुत
(D) अधिक

प्रश्न 90-100 के लिए निर्देश:
गद्यांश पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तरों के सही पर्याय चुनिए।

मेजर रणबीर का तबादला दिल्ली से जम्मू हुवा और जम्मू से एक महीने बाद उन्हें कारगिल भेज दिया गया। कारगिल पहुँचकर उन्होंने घर पर अपने पिताजी को फ़ोन से अपने पहुंचने की सूचना दी। परिवार वाले चिंतित थे, पर रणबीर की आवाज़ में वैसे ही मस्ती थी। उन्होंने अपने पिता से कहा - पिताजी, मै जब सेना में भरती हुवा था, तभी से दुश्मन के दाँत खट्टे करने के सपने देखा करता था।अब वह अवसर मुझे मिला हैं। आप लोग बिलकुल भी चिंता न करे।तभी रणबीर की माँ फोन पर आ गई। उसका गला भर आया था। आवाज भारी थी। रणबीर ने कहा -"माँ ! तुम्हें क्या हो गया? तुमने ही तो मुझे हिम्मत और हौसला बनाए रखने की सीख दी है। तुम बिलकुल मत डरो। माँ, मुझे जब भी तुम्हारी याद आती है मैं यहाँ की मिटटी को चूमता हूँ। तुम बचपन में बताती थीं कि कश्मीर के बड़गाम में तुम पैदा हुई थीं। श्रीनगर में मेरा जन्म हुआ था। जन्मभूमि के प्रति कर्तव्य निभाने का अच्छा मौका मिला है।" माँ ने कहा - अपना ध्यान रखना बेटे....बीच में ही रणबीर बोल पड़ा- हाँ, माँ, ऐसी गोली दुश्मनों के पास नहीं जो मेरा बाल भी बाँका कर सके। न उनके बाजुओं में इतना दम है .........। कारगिल की पहाड़ियों पर दुश्मन के घुसपैठिए कब्ज़ा जमाये बैठे थे। रणबीर और उसकी टुकड़ी घाटी से पहाड़ की चोटी की ओर गोलीबारी कर रही थी। चार दिन और रात लगातार गोले दागे जाते रहे। दुश्मन छिप -छिप कर हमला कर रहा था। वह ऊँचाई पर सुरक्षित बैठा था। रणबीर ने सोचा उसे ऐसे निकालना मुश्किल है। एक रात को उसने अपनी टुकड़ी को समझाया की वे दुश्मन का ध्यान बँटाने के लिए रुक-रुककर गोले दागते रहें। छह जवान को अपने साथ लेकर वह रात में ही पहाड़ी पर चढ़ने लगा। भीषण ठण्ड, कठोर चट्टान, दुश्मन की गोलीबारी - ये सब रणबीर को चुनौती दे रहे थे। वह अपने सैनिको के आगे था और उन्हें भी ऊपर खींच रहा था।अँधेरी रात। ऐसी ठण्ड थी कि हड्डी भी जम जाये। बर्फीली हवाएँ चल रही थी। हाथ को हाथ नहीं सूझ रहा था। इतनी ऊँचाई पर ऑक्सीजन की कमी से साँस लेने में भी कठिनाई हो रही थी। पर वीर देशभक्तों की यह टोली धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। एक बहुत बड़ी चट्टान की आड़ में रूककर ये लोग आसपास देखने लगे। लगा इसी चट्टान की दूसरी तरफ दुश्मन घुसपैठिए छिपे हुए हैं। रणबीर ने इशारे से

साथी सैनिकों को समझाया। सभी ने एक साथ हमला करके दुश्मन को चौंका दिया। जब तक वे सँभलते हमारे सैनिकों ने उन्हें धूल चटा दी थी। रणबीर के भी दो सैनिक घायल हो गए थे। रणबीर को आशंका थी कि खंदक में दुश्मन छिपे हो सकते हैं। वह सावधानी से अंदर बढ़ा। बड़े से ड्रम के अंदर छिपे हुए दो दुश्मन उसे मिल गए। उनका काम तमाम कर ज्यों ही वह आगे बढ़ा एक गोली उसके सीने के आर-पार हो गई। 'भारत माता की जय' कहते हुए गिरने से पहले रणबीर ने उसे सैनिक को भी भून डाला जिसने छिपकर रणबीर पर गोली चलाई थी।साथी सैनिकों ने रणबीर को सहारा देकर उठाया और घाटी में अपने साथियों को सन्देश दिया। रणबीर का सन्देश था - जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से महान हैं।

90. जब भी मेजर रणबीर को माँ की याद आती तो वह क्या करता?
(A) मिटटी को चूमता
(B) माँ को फ़ोन कर लेता
(C) माँ की तस्वीर देख लेता
(D) माँ के पुराने खतों को पढता

91. कारगिल युद्ध कौनसे दो देशों में हुआ था?
(A) भारत-बांग्लादेश
(B) भारत-भूटान
(C) भारत- चीन
(D) भारत-पाकिस्तान

92. कारगिल में तबादला होने पर मेजर रणबीर के क्या विचार थे?
(A) जान की जोखिम है
(B) छुट्टी लेकर वापस चला जाउ
(C) कर्तव्य निभाने का अच्छा मौका है
(D) मेरी मृत्यु होगी ही नहीं

93. रणबीर और साथियों को कौन चुनौतियां दे रहे थे?
(A) भीषण ठण्ड
(B) कठोर चट्टानें
(C) दुश्मनों के गोलीबारी
(D) उपर्युक्त सभी

94. मेजर रणबीर का तबादला जम्मू से कहा हुवा?
(A) दिल्ली
(B) कारगिल
(C) पंजाब
(D) हरियाणा

95. रणबीर का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) श्रीनगर
(B) बड़गाम
(C) कारगिल
(D) दिल्ली

96. ऊंचाई पर साँस लेना कठिन क्यों हो जाता है?
(A) अधिक बर्फ होने से
(B) साँस की बीमारी होने से
(C) अत्यधिक भय होने से
(D) ऑक्सीजन की कमी के कारण

97. जननी और जन्मभूमि किस से महान है?
(A) स्वर्ग
(B) कश्मीर
(C) बड़गाम
(D) श्रीनगर

98. दुश्मनों ने कहाँ कब्ज़ा जमाया था?
(A) कारगिल की पहाड़ियों पर
(B) बड़े से ड्रम के अंदर
(C) चट्टान की दूसरी तरफ
(D) हिमालयीन पहाड़ियों पर

99. दुश्मनों का ध्यान बटानें के लिए मेजर रणबीर ने कौनसा पैंतरा अपनाया?
(A) गोलें दागना बंद कर दिया
(B) रुक रुक कर गोलें दागते रहे
(C) छह जवानों को साथ लेकर रात में पहाड़ी पर चढ़ने लगे
(D) पर्याय B और C

100. माँ ने रणबीर को कौनसे शिक्षा दी?
(A) दूसरों पर न्याय न करने की
(B) हिम्मत एवं हौसला बनाये रखने की
(C) हिम्मत एवं बहादुरी से लड़ने की
(D) डर डर के जीने की

101. In which year was the Khunti district separated from Ranchi?

(A) 2003

(B) 2002

(C) 2006

(D) 2007

102. Which among the following instruments is used to measure and record details of an earthquake?

(A) Seismograph

(B) Variometer

(C) Sonograph

(D) Barometer

103. For which product "Pratyaksha Hastaantarit Laabh" scheme was launched by the government?

(A) Water

(B) Liquefied Petroleum Gas

(C) Landline Phone

(D) Electricity

104. What percentage of population of Jharkhand state practices agriculture?

(A) 95%

(B) 30%

(C) 80%

(D) 45%

105. Which among the following festivals is celebrated ONLY in Jharkhand?

(A) Shivarathri

(B) Janmashtami

(C) Sohrai

(D) Pongal

106. The metal craft practiced by Malhar and Tentri tribes of Jharkhand is

(A) Artisan

(B) Dokra

(C) Chikankari

(D) Azulejo

101. किस वर्ष खूँटी ज़िला को राँची से अलग किया गया था?

(A) 2003

(B) 2002

(C) 2006

(D) 2007

102. निम्नलिखित में से कौनसा उपकरण भूकंप के विवरण दर्ज करने और मापने के लिए इस्तेमाल किया जाता है?

(A) सीस्मोग्राफ

(B) वेरिओमीटर

(C) सोनोग्राफ

(D) बेरोमीटर

103. सरकार द्वारा "प्रत्यक्ष हस्तांतरित लाभ" योजना किस उत्पाद के लिए आरम्भ की गई थी?

(A) पानी

(B) तरलीकृत पैट्रोलियम गैस

(C) लैण्डलाइन फोन

(D) विद्युत

104. झारखण्ड राज्य में कृषि कार्य करने वाली जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?

(A) 95%

(B) 30%

(C) 80%

(D) 45%

105. निम्नलिखित त्यौहारों में से कौन सा त्यौहार केवल झारखण्ड में ही मनाया जाता है?

(A) शिवरात्री

(B) जन्माष्टमी

(C) सोहराई

(D) पोंगल

106. निम्नलिखित में से कौन सा धातु शिल्प मल्हार और तंत्री जनजातियों द्वारा किया जाता है?

(A) शिल्पकार

(B) डोकरा

(C) चिकनकारी

(D) अज़ुलेजो

107. Which of the following Acts led to the division of India into two independent entities, as India and Pakistan?
(A) Indian Independence Act
(B) The Mount Baton Plan
(C) The Wavel Plan
(D) The Government of India Act

108. Who among the following is the first woman governor of Jharkhand who came into power as on June 2015?
(A) Draupadi Murmu
(B) Urmila Singh
(C) Kamal Beniwal
(D) Prabha Rau

109. In which of the following waterfalls of Jharkhand, Gautam Buddha is believed to have bathed?
(A) Dassam Fall
(B) Jonha Fall
(C) Hundru fall
(D) Hirni Fall

110. In which year did the Portuguese first arrive in Sri Lanka, a neighbouring country of India?
(A) 1716
(B) 1515
(C) 1605
(D) 1505

111. What is the highest honour award given to civilians in India?
(A) Padma Vibhushan
(B) Param Vir Chakra
(C) Padma Bhushan
(D) Bharat Ratna

112. Who was the last ruler of Mughal empire?
(A) Akbar
(B) Jahangir
(C) Aurangzeb
(D) Bahadur Shah Zafar

107. निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने अंततः भारत को दो स्वतंत्र इकाइयों भारत और पाकिस्तान के रूप में विभाजित किया था?
(A) भारतीय स्वंतत्रता अधिनियम
(B) माउंट बेटन योजना
(C) वावेल योजना
(D) भारत सरकार अधिनियम

108. जून 2015 की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सी महिला झारखण्ड की पहली महिला राज्यपाल के रूप में सत्ता में आई हैं?
(A) द्रौपदी मुर्मु
(B) उर्मिला सिंह
(C) कमल बेनिवाल
(D) प्रभा राव

109. झारखण्ड के किस जलप्रपात के बारे में मान्यता है कि उसमें गौतम बुद्ध ने स्नान किया था?
(A) दशम जलप्रपात
(B) जोन्हा जलप्रपात
(C) हुंडरु जलप्रपात
(D) हिरनी जलप्रपात

110. पुर्तगाली किस वर्ष में पहली बार भारत के पड़ोसी देश, श्रीलंका पहुँचे थे?
(A) 1716
(B) 1515
(C) 1605
(D) 1505

111. भारत में नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान पुरस्कार कौन सा है?
(A) पद्म विभूषण
(B) परम वीर चक्र
(C) पद्म भूषण
(D) भारत रत्न

112. मुग़ल साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था?
(A) अक़बर
(B) जहाँगीर
(C) औरंगज़ेब
(D) बहादुर शाह ज़फ़र

113. Which of the following minerals is NOT produced in Jharkhand?

(A) Coal

(B) Bauxite

(C) Iron

(D) Petroleum

114. Which of the following festivals is celebrated during March-April and also known as "festival of flowers"?

(A) Sarhul

(B) Karam

(C) Jawa

(D) Makar

115. Which of the following waterfalls forms the highest cataract in Jharkhand, falling from an average height of 468 feet?

(A) Dassam Fall

(B) Hirni Fall

(C) Panch Gagh Falls

(D) Lodh Fall

116. Which among the following is the national animal of Bhutan?

(A) Takin

(B) Fennec fox

(C) Karabakh horse

(D) Bison

117. Jharkhand state came into existence in the year

(A) 2001

(B) 1999

(C) 1990

(D) 2000

118. Which neighbouring country of India's national currency is kyat?

(A) Nepal

(B) Bhutan

(C) Bangladesh

(D) Myanmar

113. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज झारखण्ड में उत्पादित नहीं होता है?

(A) कोयला

(B) बॉक्साइट

(C) लौह

(D) पैट्रोलियम

114. निम्नलिखित में से कौन सा त्यौहार मार्च-अप्रैल के महीना में मनाया जाता और "फूलों का त्योहार" कहा जाता है?

(A) सारहुल

(B) करम

(C) जावा

(D) मकर

115. औसतन 468 फीट की ऊँचाई से गिर कर, निम्नलिखित में से कौन सा जलप्रपात झारखण्ड में सबसे बड़े जलप्रपात की रचना करता है?

(A) दशम जलप्रपात

(B) हिरनी जलप्रपात

(C) पंच गढ़ जलप्रपात

(D) लोध जलप्रपात

116. निम्नलिखित में से कौन सा एक भूटान का राष्ट्रीय पशु है?

(A) टकिन

(B) फेनेक लोमड़ी

(C) कराबख घोड़ा

(D) बिजोन

117. किस वर्ष में झारखण्ड एक राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था?

(A) 2001

(B) 1999

(C) 1990

(D) 2000

118. भारत के किस पड़ोसी देश की राष्ट्रीय मुद्रा (करेंसी) क्याट है?

(A) नेपाल

(B) भूटान

(C) बांग्लादेश

(D) म्यांमार

119. Who elects the members of the Lok Sabha?

(A) Member of Rajya Sabha

(B) Chief Ministers

(C) Central Cabinet Ministers

(D) People of India

120. The capital of Jharkhand is

(A) Ranchi

(B) Hazaribagh

(C) Giridih

(D) Bokaro

121. Which neighbouring country of India has' Yuan I Renminbi' as its national currency?

(A) China

(B) Nepal

(C) Bhutan

(D) Sri Lanka

122. In which of the following rivers is the famous Lodh Fall in Jharkhand?

(A) Kanchi river

(B) Banai river

(C) Ramgarha river

(D) Burha river

123. Which Five Year Plan is ongoing in India?

(A) 10th

(B) 9th

(C) 12th

(D) 14th

124. Indian Standard Time is calculated on the basis of which longitude?

(A) 82.5° East

(B) 82.5° West

(C) 83.5° East

(D) 83.5° West

119. लोक सभा के सदस्यों का चयन कौन करता है?

(A) राज्य सभा के सदस्य

(B) मुख्यमंत्रीगण

(C) केंद्रीय कैबिनेट के मंत्रीगण

(D) भारत के लोग

120. झारखण्ड की राजधानी क्या है?

(A) राँची

(B) हज़ारीबाग

(C) गिरडीह

(D) बोकारो

121. भारत के किस पड़ोसी देश की राष्ट्रीय मुद्रा (करेंसी) 'युआन I रॅन्मिन्बी' है?

(A) चीन

(B) नेपाल

(C) भूटान

(D) श्रीलंका

122. झारखण्ड में निम्नलिखित में से किस नदी से प्रसिद्ध लोध जलप्रपात बनता है?

(A) कांची नदी

(B) बनाई नदी

(C) राम गढ नदी

(D) बुर्हा नदी

123. भारत में इस समय कौन सी पंच-वर्षीय योजना चल रही है?

(A) दसवाँ

(B) नौवाँ

(C) बारहवाँ

(D) चौदहवाँ

124. भारतीय मानक समय किस देशांतर के आधार पर परिगणित किया जाता है?

(A) 82.5° पूर्व

(B) 82.5° पश्चिम

(C) 83.5° पूर्व

(D) 83.5° पश्चिम

125. Who is the Chief Minister of Jharkhand as on October 2015?

(A) Tarun Gogoi

(B) Dr. Raman Singh

(C) Raghubar Das

(D) Virbhadra Singh

125. अक्टूबर 2015 की स्थिति के अनुसार झारखण्ड के मुख्य मंत्री कौन हैं?

(A) तरुण गोगोई

(B) डॉ. रमन सिंह

(C) रघुबर दास

(D) वीरभद्र सिंह

126. Which neighbouring country of India was known as Burma in the past?

(A) Sri Lanka

(B) Pakistan

(C) Nepal

(D) Myanmar

126. निम्नलिखित में से भारत का कौन सा पड़ोसी देश पहले बर्मा के नाम से जाना जाता था?

(A) श्रीलंका

(B) पाकिस्तान

(C) नेपाल

(D) म्यान्मार

127. In which year did Bangladesh come into existence?

(A) 1965

(B) 1971

(C) 1969

(D) 1980

127. किस वर्ष में बांग्लादेश अस्तित्व में आया?

(A) 1965

(B) 1971

(C) 1969

(D) 1980

128. Which among the following is the longest rivers in India?

(A) Ganga

(B) Krishna

(C) Narmada

(D) Mahanadi

128. निम्नलिखित में से कौन सी एक भारत की सबसे लम्बी नदी है?

(A) गंगा

(B) कृष्णा

(C) नर्मदा

(D) महानदी

129. Which among the following is the financial capital of India?

(A) Delhi

(B) Bengaluru

(C) Mumbai

(D) Ahmedabad

129. निम्नलिखित में से कौन सी एक भारत की वित्तीय राजधानी है?

(A) दिल्ली

(B) बेंगलूरु

(C) मुम्बई

(D) अहमदाबाद

130. Who got the Nobel prize for peace in 2014?

(A) Shirin Ebadi

(B) Jody Williams

(C) Nelson Mandela

(D) Malala Yousafzai

130. 2014 में शांति के लिए नोबेल पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ था?

(A) शिरीन इबादी

(B) जोडी विलियम्स

(C) नेल्सन मंडेला

(D) मलाला यूसुफ़ज़ई

131. Which famous Indian cricketer is from Ranchi?

(A) Virat Kohli

(B) Mahendra Singh Dhoni

(C) Virendra Sehwag

(D) Yuvraj Singh

132. Which among the following cities is named as "Thousand Gardens"?

(A) Gumla

(B) Latehar

(C) Godda

(D) Hazaribagh

133. Which neighbouring country of India celebrates its Independence Day on March 26?

(A) Bangladesh

(B) Nepal

(C) China

(D) Afghanistan

134. Which of the following is the name given to India's humanitarian relief operations in Nepal after the 2015 earthquake?

(A) Operation Safed Sagar

(B) Operation Meghdoot

(C) Operation Rahat

(D) Operation Maitri

135. Who appoints the Attorney General of India?

(A) Governor

(B) Chief Minister

(C) President

(D) Prime Minister

136. Which of the following neighbouring countries of India is separated by Palk Strait?

(A) Sri Lanka

(B) Pakistan

(C) Afghanistan

(D) Bangladesh

131. कौन सा प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर राँची से है?

(A) विराट कोहली

(B) महेंद्र सिंह धोनी

(C) वीरेंद्र सहवाग

(D) युवराज सिंह

132. निम्नलिखित में से किस शहर को "थाउजेंड गार्डन्स" के नाम से जाना जाता है?

(A) गुम्ला

(B) लातेहर

(C) गोड्डा

(D) हज़ारीबाग

133. भारत का कौन सा पड़ोसी देश 26 मार्च को स्वतंत्रता दिवस मनाता है?

(A) बांग्लादेश

(B) नेपाल

(C) चीन

(D) अफ़गानिस्तान

134. नेपाल में 2015 के भूकम्प के बाद भारत के मानवीय राहत अभियान (humanitarian relief operation) को क्या नाम दिया गया था?

(A) ऑपरेशन सफेद सागर

(B) ऑपरेशन मेघदूत

(C) ऑपरेशन राहत

(D) ऑपरेशन मैत्री

135. भारत के महान्यायवादी (अटार्नी जनरल) की नियुक्ति कौन करता है?

(A) राज्यपाल

(B) मुख्यमंत्री

(C) राष्ट्रपति

(D) प्रधानमंत्री

136. भारत के किस पड़ोसी देश को पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait) द्वारा अलग किया गया है?

(A) श्रीलंका

(B) पाकिस्तान

(C) अफ़गानिस्तान

(D) बांग्लादेश

137. What is the position of Jharkhand in the production of iron ore in India as on Sep 2015?

(A) First
(B) Second
(C) Third
(D) Fourth

138. Jharkhand Education Project Council was registered on

(A) 16-Mar-2007
(B) 05-Feb-2011
(C) 12-Apr-2001
(D) 24-Jan-2003

139. The national language of Bhutan is

(A) Pashto
(B) Thai
(C) Dzongkha
(D) Amharic

140. The first Chief Minister of Jharkhand is

(A) Swaraj Kaushal
(B) V. C. Pandey
(C) Rama Jois
(D) Babulal Marandi

141. What is the code of Srilankan currency?

(A) SRD
(B) LKR
(C) INR
(D) SYP

142. The major part of the Sundarbans, the world's largest mangrove forest, is located in which neighbouring country of India?

(A) Bangladesh
(B) Sri Lanka
(C) Nepal
(D) Bhutan

137. सितम्बर 2015 की स्थिति के अनुसार भारत में लौह अयस्क उत्पादन में झारखण्ड का स्थान कौन सा है?

(A) पहला
(B) दूसरा
(C) तीसरा
(D) चौथा

138. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (Jharkhand Education Project Council) को कब पंजीकृत किया गया था?

(A) 16-Mar-2007
(B) 05-Feb-2011
(C) 12-Apr-2001
(D) 24-Jan-2003

139. भूटान की राष्ट्रीय भाषा क्या है?

(A) पश्तो (Pashto)
(B) थाई (Thai)
(C) जोंगखा (Dzongkha)
(D) अम्हारिक् (Amharic)

140. झारखण्ड के प्रथम मुख्य मंत्री कौन हैं?

(A) स्वराज कौशल
(B) वी. सी. पाण्डे
(C) रामा जोइस
(D) बाबूलाल मरांडी

141. श्रीलंकाई मुद्रा का कोड क्या है?

(A) एस् आर् डी
(B) एल् के आर्
(C) आई एन् आर्
(D) एस् वाई पी

142. विश्व के सबसे बड़े मैन्ग्रोव वन, सुंदरबन का बड़ा भाग भारत के किस पड़ोसी देश में स्थित है?

(A) बांग्लादेश
(B) श्रीलंका
(C) नेपाल
(D) भूटान

143. Who among the following is the writer of National Anthem of India?

(A) Bankim Chandra Chatterjee
(B) Rabindranath Tagore
(C) Ananda Samarakoon
(D) Hazari Prasad Dwivedi

144. In which of the following rivers the famous Dassam Fall is formed in Jharkhand?

(A) Kanchi river
(B) Banai river
(C) Ramgarha river
(D) Burha river

145. In which of the following years, India Nepal Treaty of Peace and Friendship was signed?

(A) 1950
(B) 1955
(C) 1960
(D) 1972

146. Which neighbouring country of India is connected through the Nathu La Pass in the Himalayan ranges?

(A) Bhutan
(B) Pakistan
(C) China
(D) Nepal

147. Which of the following hills is also known as Morabadi hill?

(A) Govardhan hill
(B) Tagore hill
(C) Lushai hill
(D) Rajgir hill

148. Which type of waste is polluting Subarnarekha river of Jharkhand?

(A) Thermal
(B) Radioactive
(C) Domestic
(D) Bio degradable

143. भारत के राष्ट्र गान के लेखक कौन हैं?

(A) बंकिम चंद्र चटर्जी
(B) रबींद्र नाथ टैगोर
(C) अनंदा समरकून
(D) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

144. झारखण्ड में निम्नलिखित में से किस नदी से प्रसिद्ध दशम जलप्रपात बनता है?

(A) कांची नदी
(B) बनाई नदी
(C) राम गढ नदी
(D) बुर्हा नदी

145. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत नेपाल शांति व मैत्री संधि (India Nepal Treaty of Peace ) पर हस्ताक्षर किए गए थे?

(A) 1950
(B) 1955
(C) 1960
(D) 1972

146. निम्नलिखित में से भारत का कौन सा पड़ोसी देश हिमालय की श्रेणियों में नाथुला- पास द्वारा जुड़ा हुआ है?

(A) भूटान
(B) पाकिस्तान
(C) चीन
(D) नेपाल

147. किस पहाड़ी को मोराबादी पहाड़ी के नाम से भी जाना जाता है?

(A) गोवर्धन पहाड़ी
(B) टैगोर पहाड़ी
(C) लुशाय पहाड़ी
(D) राजगिर पहाड़ी

148. झारखंड की सुबर्णरिखा नदी को किस प्रकार का अपशिष्ट प्रदूषित कर रहा है?

(A) थर्मल
(B) रेडियोधर्मी
(C) घरेलू
(D) जैवनिम्नीकरण

149. Who developed the vaccine against Polio?

(A) Dr. Jonas Salk

(B) Dr. Edward Jenner

(C) Louis Pasteur

(D) Dr Har Gobind Khurana

150. Which of the following steel plants majorly contributes to the economy of Jharkhand?

(A) Bajaj Steel

(B) Steel India

(C) Reliance Steel

(D) Tata Steel

